उत्तराखण्ड शासन

**संस्कृति निदेशालय, उत्तराखण्ड, एम0डी0डी0ए0 कालोनी, चन्दर रोड़, डालनवाला, देहरादून।**
**लाईट एवं साउण्ड तथा जनरेटर सेट किराया व्यवस्था एवं सामग्री ढुलान भाडा हेतु**
**निविदा सूचना**
**वित्तीय वर्ष 2017–18**

निविदा सूचना– सं0 2041/सं0नि0उ0/छ:–41/2017–18 दिनांक 31 अक्टूबर ,2017

संस्कृति निदेशालय, उत्तराखण्ड, द्वारा समय–समय पर प्रदेश मुख्यालय तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, समारोहों तथा उत्सवों के अवसर पर लाईट, साउण्ड तथा जनरेटर सेट एवं तत्सम्बन्धित सामान ढुलान किराया व्यवस्था हेतु स्थानीय इच्छुक पंजीकृत फर्मों से निविदाऐं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदाऐं दिनांक 15/11/2017 की अपरान्ह 2.00 बजे तक अथवा उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्यदिवस को वित्तीय प्रस्ताव एवं पात्रता से सम्बन्धित दस्तावेज अलग–अलग लिफाफे में तथा दोनों छोटे लिफाफें एक बडे लिफाफे में सील बन्द निविदायें आमंत्रित हैं। धरोहर धनराशि रू0 40,000/– किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 जो कि निदेशक, संस्कृति निदेशालय देहरादून के नाम पर बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी तथा निविदाएं दिनांक 15/11/2017 को अपरान्ह 3.00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

निविदा प्रपत्र विज्ञापन की तिथि से दिनांक 15/11/2017 को प्राप्त 11:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समयान्तर्गत रू0 590/– मात्र की धनराशि नगद जमाकर प्राप्त की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट www.uttarakhandculture.in पर निविदा प्रपत्र एवं शर्तें उपलब्ध है। वेबसाईट से डाउनलोड करने पर निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590/– नगद जमा अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट पृथक रूप से निदेशक, संस्कृति निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के नाम पर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**निदेशक संस्कृति निदेशालय, उत्तराखण्ड**

**संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड**
**लाईट एवं साउण्ड तथा जनरेटर सेट किराया व्यवस्था एवं सामग्री ढुलान भाडा हेतु**
**निविदा प्रपत्र**
**वित्तीय वर्ष 2017–18**

निविदा मूल्य – 500.00
जी0एस0टी0 – 90.00
कुल मूल्य – 590.00

1. निविदा सूचना– सं0 /सं0नि0उ0/छः–41/2017–18 दिनांक अक्टूबर, 2017

2. निविदा प्राप्त करने की तिथि – विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 15/11/2017 को समय 11:00 बजे पूर्वान्ह तक।

3. निविदा जमा करने की तिथि– दिनांक 15/11/2017 को समय 2.00 बजे अपरान्ह तक।

4. निविदा खोले जाने की तिथि– दिनांक 15/11/2017 को समय सांय 3.00 बजे।

5. निविदा प्रेषण स्थान – संस्कृति निदेशालय उत्तराखण्ड एम0डी0ए0कालोनी ,चन्दर रोड, डालनवाला, देहरादून ।

6. निविदादाता फर्म/संस्था का नाम व पता ..............................................................
..............................................................

7. धरोहर धनराशि **₹ 40,000. (₹ चालीस हजार मात्र )**

8. विवरण:–

| क्र0 | सामग्री का विवरण | मात्रा | धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1– | स्पीकर/साउण्ड बाक्स 600 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 2– | स्पीकर/साउण्ड बाक्स 1200 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 3– | स्पीकर/साउण्ड बाक्स 1800 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 4– | स्पीकर/साउण्ड बाक्स 2000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 5– | मोनिटर स्पीकर 3000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 6– | मोनिटर स्पीकर 6000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 7– | एम्पलीफायर 1200 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 8– | एम्पलीफायर 2000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 9– | एम्पलीफायर 3000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 10– | एम्पलीफायर 5000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 11– | मिक्सर | प्रति चेनल | ₹ |
| 12– | पोडियम | प्रति नग | ₹ |
| 13– | हैण्ड कार्डलेस माइक | प्रति नग | ₹ |
| 14– | माइक/ फुट माईक/बाउन्ड्रीमाईक | प्रति नग | ₹ |
| 15– | पोडियम माईक | प्रति नग | ₹ |
| 16– | कार्डलेस कॉलर माईक | प्रति नग | ₹ |
| 17– | माईक्रोफोन विद लीड | प्रति नग | ₹ |
| 18– | इकोलाईजर 32 चैनल स्टीरियों | प्रति चेनल | ₹ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19– | इको सिस्टम | प्रति नग | ₹ |
| 20– | सी0डी0प्लेयर | प्रति नग | ₹ |
| 21– | लाईट स्टैण्ड | प्रति नग | ₹ |
| 22– | पार लाईट | प्रति नग | ₹ |
| 23– | एल0 ई0डी0 लाईट | प्रति नग | ₹ |
| 24– | फिजनल लाईट 1000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 25– | बेबी मिरर लाईट 1000 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 26– | फोलो लाईट 2500 एच0एम0आई0 | प्रति नग | ₹ |
| 27– | स्मोक मशीन 1500 वाट | प्रति नग | ₹ |
| 28– | डीमर कन्टोल 24 के0वी0 | प्रति केवी | ₹ |
| 29– | डीमर कन्टोल 20 के0वी0 | प्रति केवी | ₹ |
| 30– | थ्री फेस वायर मैन लाईन | प्रति मी0 | ₹ |
| 31– | ट्रस | प्रति फिट | ₹ |
| 32– | लाईट स्टैण्ड | प्रति नग | ₹ |
| 33– | प्रोजेक्टर 3000 एन0सी0आई | प्रति नग | ₹ |
| 34– | प्रोजेक्टर 4000 एन0सी0आई | प्रति नग | ₹ |
| 35– | प्रोजेक्टर 5000 एन0सी0आई | प्रति नग | ₹ |
| 36– | स्क्रीन | प्रति स्क्वायर फुट | ₹ |
| 37– | जनरेटर 62 केवी साउण्ड प्रूफ डीजल एवं आपरेटर सहित | प्रति घण्ट/<br>प्रति केवी | ₹ |
| 38– | जनरेटर 120 केवी साउण्ड प्रूफ डीजल एवं आपरेटर सहित | प्रति घण्टा/प्रति केवी | ₹ |
| 39– | देहरादून मुख्यालय से बाहर अन्य जनपदों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हेतु सामान ढुलान भाडा प्रति कुन्तल व्यय | प्रति किमी /प्रति कुन्तल दर | ₹ |

## नियम एवं शर्ते

1. दरें वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए मान्य होगीं। आवश्यकतानुसार अवधि बढायी जा सकती है।
2. नियमानुसार जी0एस0टी0 की दरें पृथक रूप से अंकित करें।
3. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु आमंत्रित सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों/लोक कलाकारों /नाट्य कलाकारों /साहित्यकारों /काव्य पाठकों आदि को मांग के अनुसार लाईट एवं साउण्ड की व्यवस्था करनी होगी ।
4. सम्बन्धित कार्य में दक्ष एवं सरकारी कार्यो का 03 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो। प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाये।
5. विक्रय निविदा अहस्तान्तरणीय होगी ।
6. लाईट एवं साउण्ड उच्च स्तरीय कम्पनी का हो। सामानों की सुरक्षा स्वयं फर्म की होगी ।
7. वित्तीय तथा पात्रता/शर्तो से सम्बन्धित निविदा अलग–अलग लिफाफे में तथा दोनों लिफाफे एक बडे लिफाफा में सील बन्द निविदाएं प्रस्तुत करें।
8. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान प्रयुक्त समस्त लाईट एवं साउण्ड सामानों तथा जनरेट सेट का मैजरमैंट तैयार कर कार्यक्रम आयोजकों/विभागीय प्रतिनिधि से प्रमाणित प्रति देयक के साथ उपलब्ध करानी होगी ।

9. कार्यक्रमों की प्रस्तुति दौरान लाईट एवं साउण्ड आदि व्यवस्था में खराबी होने तथा कार्य संतोषजनक न होने की दशा में बिल का भुगतान देय नहीं होगा ।

10. कार्यक्रम प्रारम्भ होने से 6 घण्टा पूर्व यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों /शासन/विभागीय स्तर पर लिए गये निर्णय के आधार पर प्रश्नगत कार्यक्रम निरस्त घोषित होता है तो फर्म को गन्तव्य स्थान तक जाने आने का किराया भाडा देय होगा ।

11. सामान ढुलान भाडा व्यय का भुगतान– कुल वजन कुन्तल × दर × किमी ( जाना–आना ) या ट्रान्सपोर्ट बिल्टी दोनों में जो भी कम हो, देय होगा। वजन की रसीद संलग्न करनी अनिवार्य होगी

12. अनुबन्ध के आधार पर कार्य न करने की दशा में जमा बन्धक धनराशि जब्त करने का अधिकार विभाग को होगा।

13. निविदा के साथ **₹40,000.00** मात्र की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 /सी0डी0आर0 जो कि निदेशक, संस्कृति निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के नाम पर बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

14. फर्म का टर्न ओवर रूपये दस लाख या उससे अधिक हो । गत दो वर्ष का आयकर रिर्टन सी0ए0 द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करनी अनिवार्य है।

15. फर्म का जी0एस0टी0 एवं पेन न0 की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

16. निदेशक, संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून को समस्त निविदाएं निरस्त करने का अधिकार होगा ।

17. सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होंगी।

18. कार्यकम प्रस्तुति के उपरान्त एक माह के अन्दर अपना बिल वांछित प्रपत्रों सहित भुगतान हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा, तत्पश्चात बिल भुगतान पर विचार नहीं होगा ।

19. विवाद के लिए न्याय क्षेत्र देहरादून होगा ।

हमने विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों का पूर्ण अध्ययन कर लिया है। विभाग द्वारा मांगी गई समस्त सूचनायें हमारी फर्म द्वारा सही–सही दी गई। जो कि मेरी निजी जानकारी में सत्य एवं सही हैं। यदि कोई जानकारी असत्य पायी गई तो फर्म इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होगी ।

(बीना भट्ट)
निदेशक

निविदादाता के हस्ताक्षर..................................
नाम..........................................................................